Helpline **1064** **94135-02834**

# कार्यालय महानिदेशक भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो

(जनसम्पर्क प्रकोष्ठ)

प्रेस नोट

- **हनुमानगढ़ में आरोपी पंकज छाबड़ा, मैनेजमेंट फैकल्टी एमडी कॉलेज आफ एज्यूकेशन हनुमानगढ़ जक्शन 10,000/—रूपये रिश्वत लेते रंगे हाथों गिरफ्तार।**

जयपुर, 10 जुलाई, गुरूवार । ए.सी.बी. मुख्यालय के निर्देश पर ए.सी.बी. चौकी हनुमानगढ़ इकाई द्वारा आज कार्यवाही करते हुये आरोपी पंकज छाबड़ा मैनेजमेंट फैकल्टी, एमडी कॉलेज ऑफ एज्यूकेशन हनुमानगढ़ जंक्शन को **10,000/— रूपये** की रिश्वत राशि लेते हुये रंगे हाथों गिरफ्तार किया गया है।

**भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो के अतिरिक्त महानिदेशक पुलिस श्रीमती स्मिता श्रीवास्तव** ने बताया कि एसीबी चौकी हनुमानगढ़ को एक शिकायत इस आशय की मिली कि प्रिसिंपल पंकज छाबड़ा द्वारा परिवादी की बेटी की उपस्थिति कम करने व प्रायोगिक परीक्षा में फेल करने की धमकी देकर 30,000/— रूपये मांग कर 18,000/— रूपये पूर्व में प्राप्त कर लिये व 12,000/— रिश्वत की और मांग कर रहा था।

जिस पर एसीबी के **उप महानिरीक्षक पुलिस श्री राजेश सिंह** के सुपरवीजन में ए.सी.बी. चौकी हनुमानगढ़ के **अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक श्रीमती सुधा पालावत** के नेतृत्व **पुलिस निरीक्षक श्री राजेन्द्र सिंह** ने आज मय टीम के ट्रेप कार्यवाही करते हुए आरोपी पकंज छाबड़ा मैनेजमेंट फैकल्टी एमडी कॉलेज ऑफ एज्यूकेशन हनुमानगढ़ जंक्शन को 10,000/— रूपये रिश्वत राशि लेते हुए रंगे हाथों गिरफ्तार किया है।

आरोपी से पूछताछ तथा कार्यवाही जारी है। एसीबी द्वारा मामले में भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम के अन्तर्गत प्रकरण दर्ज कर अग्रिम अनुसंधान किया जायेगा।